राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, नारनौल

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**दिनांक– 04 अप्रैल 2025**

**समय– प्रातः 10:15 बजे**

–ःमुख्य अतिथिः–

# माननीय औमप्रकाश यादव

*विधायक नारनौल एवं पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार*

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता

प्रो॰ (डॉ) आर॰ पी॰ सिंह , प्राचार्य (H.E.S. I)

**राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय,**

**नारनौल।**

# मुख्य अतिथि का परिचय

मानननीय मुख्य अतिथि महोदय औमप्रकाश यादव, विधायक नारनौल एवं पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार, बाहर से आए हुए अतिथिगण, प्रबुद्ध प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारीगण, छायाकार व पत्रकार बंधुओं एवं प्यारी छात्राओं।आज के इस राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, नारनौल के वार्षिक पारितोषिक–वितरण समारोह के अवसर पर माननीय औमप्रकाश यादव विधायक नारनौल एवं पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार, को अपने मध्य मुख्य अतिथि के रूप में पाकर मै अत्यन्त हर्ष का अनुभव कर रहा हूं। अति व्यस्त होते हुए भी आपने हमारे महाविद्यालय में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढाई। महाविद्यालय परिवार की ओर से मै आपका तथा गणमान्य महानुभावों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं।

*सर्वप्रथम मै माननीय* मुख्य अतिथि महोदय *औमप्रकाश यादव विधायक नारनौल एवं पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार, का परिचय करवाना अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूं। माननीय विधायक जी महाविद्यालय व नारनौल शहर से सुपरिचित है। इनका परिचय करवाना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है, परन्तु परम्परा के अनुसार आपके प्रभावशाली व्यक्तित्व का परिचय करवाना मै अपना* सौभाग्य *समझता हूं।*

*औमप्रकाश यादव जी ग्रामीण पृष्ठ भूमि से सम्बन्ध रखते हैं। आपका जन्म गांव बजाड़, तहसील अटेली में 1 जनवरी 1957 को श्री शादी लाल यादव के* घर *हुआ। आपकी माता का नाम श्रीमती कृष्णा देवी यादव था। आपने* प्रारम्भिक *शिक्षा अपने गांव बजाड़ से ही प्राप्त की। इसके पश्चात स्नातक की उपाधि हिसार कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से कृषि ऑनर्स में* प्राप्त की */ आप अपने सम्पूर्ण शैक्षिक काल में एक मेधावी छात्र रहे है।*

*आप चार भाषाओं हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत व पंजाबी का ज्ञान रखते है। पढाई के साथ– साथ खेल कूद में भी आपकी विशेष* रूचि *रही है। आपने बास्केटबॉल खेल में विश्वविद्यालय व राज्य स्तर की टीम का प्रतिनिधित्व किया है। आपने अपने जीवन काल में दो* देशों *– इजिप्ट (मिस्र) व दुबई की यात्रा की है।*

*आपने अपने सामाजिक व राजनैतिक जीवन में विभिन पदों को सुशोभित किया है। आप अपने जीवन काल में अखिल भारतीय यादव महासभा के राज्य*

अध्यक्ष, लगभग 13 वर्षो से यादव कल्याण सभा नारनौल के अध्यक्ष है। आप शहीद स्मारक समिति नसीबपुर नारनौल के कोषाध्यक्ष भी रहे है। संघर्ष समिति नारनौल को भी आपने अध्यक्ष पद से सुशोभित किया है। इंसाफ मंच जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा के आप उपाध्यक्ष रहे है। भाजपा केन्द्रीय संगठन द्वारा ओबीसी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य भी आपको नियुक्त किया गया है।

आप हरियाणा सरकार कृषि विभाग में 1977 से 2009 तक ए0डी0ओ0 के पद पर कार्यरत रहे । आपने अपनी सेवाऐं अधिकतर जिला महेन्द्रगढ व रेवाडी में दी है तथा अपने पद के अनुरूप किसानों व समाज में आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगो के साथ जुड़े रहे है। आप समाज में हर वर्ग के सहयोगी रहे है तथा गरीबो की सहायता करना आपका मूल स्वभाव है। वर्ष 2009 में राजनीति के माध्यम से जन सेवा करने के लिए आपने स्वेच्छा से सेवानिवृति ले ली। आपने वर्ष 2014,2019 व 2024 में नारनैाल विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लडा तथा विजयी रहे। श्री औम प्रकाश यादव हमेशा जिला व राज्य स्तरीय राजनीति में सक्रिय रहे है। 2019 से 2024 में हरियाणा सरकार में बतौर मंत्री (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण मत्रालय) के पद पर रहकर लोगो की सेवा की हैं। इसके अलावा आप भाजपा केंद्रीय सगंठ्न द्वारा ओबीसी भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य है।

आप अत्यन्त मृदुभाषी, सहज–सुलभ, जन हितैषी, लोकप्रिय एवं जमीन से जुडे राजनेता हैं। आपमें एक सफल राजनीतिज्ञ के सभी गुण विद्यमान हैं। इसी कारण आपको जनहित कार्यो को समझने एवं करवाने में कोई कठिनाई नही आती। जब से आपने मंत्री पद सम्भाला था तभी से आप अनवरत जन–कल्याण कार्यो मे जुटे हुए हैं। श्रीमान जी आप जैसे सुयोग्य व कुशल व्यक्तित्व को अपने मध्य पाकर हम अत्यन्त हर्ष की अनुभूति कर रहें है।

मै आशा करता हूं कि हमारे महाविद्यालय की छात्राएं आपके अनुकरणीय जीवन से प्रेरणा ग्रहण कर अवश्य ही लाभान्वित होगी। मै पुनः व्यक्तिगत रूप से एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# *वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25*

*मान्यवर, मुझे इस महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।*

## *महाविद्यालय परिचय*

*राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की स्थापना सन् 1988 में हुई। उसी समय से यह महाविद्यालय नारी शिक्षा के विकास में विशिष्ट पहचान बनाये हुए है। प्रकृति के सुरम्य एवं शान्त वातावरण में यह महाविद्यालय नारनौल, बहरोड़ मार्ग पर स्थित है। महाविद्यालय परिसर छायादार वृक्षों, आकर्षक छात्रावास, व सुसज्जित प्रयोगशालाएं अपने में समाहित किए हुए है।*

*इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य, व* स्नातकोत्तर *स्तर पर एम0ए0 राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी व एम0एस0सी0 गणित, भूगोल व एम0कॉम0 संकाय है। इस सत्र में छात्राओं की संख्या* 2818 *है। इस महाविद्यालय में 20 प्रोफेसर,* 32 *एक्सटैंशन लैक्चरर, 2 कम्पयुटर* इंस्ट्रक्टर, *एक सहायक, एक लिपिक,* 3 *JLA व* 2 *LA,* 2 *चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं HKRN के* अंतर्गत *14 कर्मचारी कार्यरत हैं। महाविद्यालय में एक कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष,* एक रेस्टोरर, दो पुस्तकालय सहायक व *दो तबला वादक कार्यरत है।*

## नैक मूल्यांकन

शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु प्रत्येक महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन परिषद्, बैंगलोर द्वारा मूल्यांकन किया जाता है | इसी क्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल का मूल्यांकन भी 2 & 3 सितम्बर 2024 को प्राचार्य डॉ यशपाल शर्मा के दिशा निर्देशन में किया गया | एक तीन सदस्य टीम द्वारा महाविद्यालय में चलाये जा रहे सभी पाठ्यक्रमो, विषयों, प्रयोगशालाओं, खेल कूद, सहशैक्षणिक गतिविधियों, होस्टल, पुस्तकालय, रिजल्ट इत्यादि पैमानों का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर महाविद्यालय का मूल्याकन किया | इसी क्रम में राष्ट्रीय मूल्यांकन परिषद्, बैंगलोर द्वारा महाविद्यालय को 2.33 स्कोर के साथ B ग्रेड दिया गया |

## परीक्षा परिणाम

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहे हैं जिनके उल्लेख से इस महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण का पता चलता है। प्रोफेसर सुनील कुमार, इतिहास विभाग, परीक्षा शाखा में रजिस्ट्रार का पद सम्भाले हुए हैं | महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम इस प्रकार हैं –

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24**

**B.A./B.Com./ B.Sc. (University Toppers)**

| Class | Sr.No. | Name | Father's Name | % | Position |
|---|---|---|---|---|---|
| B.A. 1st Sem | 1 | Lata | Bharat Singh | 85.25 | 10th |
| B.Com 1st Sem | 2 | Kashish | Vinod Kumar | 74.83 | 6th |
| B.Com 1st Sem | 3 | Priya | Narender | 74.33 | 7th |
| B.Com 2nd sem | 4 | Muskan | Hemant | 78.5 | 4th |
| B.Com 2nd sem | 5 | Kashish | Vinod | 78.33 | 5th |
| B.Sc (NM) 2nd Sem | 6 | Ekta | Bintu | 82 | 9th |
| B.Com 5th Sem | 7 | Harshita | Parveen | 82 | 6th |
| B.Com 6th Sem | 8 | Soniya | Sanjay | 81.33 | 1st |

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24**

**M.Sc Mathematics**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.sc 1st sem | 1 | 201161103033 | Manisha Yadav | Manoj Kumar | 449/600 | 1st |
| | 2 | 201161103022 | Anamika | Vikram Singh | 419/600 | 2nd |
| | 3 | 181161103125 | Rishika Sehrawat | Sarvesh Kumar | 416/600 | 3rd |
| M.sc 2nd sem | 1 | 231160603004 | Payal | Chet Ram | 391/600 | 1st |
| | 2 | 201141103025 | Dimple | Hari Dev Taunk | 385/600 | 2nd |
| | 3 | 201141103010 | Meenakshi | Radhey Shyam | 380/600 | 3rd |
| M.sc 3rd sem | 1 | 221160603006 | Sangeeta | Babulal | 547/700 | 1st |
| | 2 | 191161103039 | Shivani | Suresh Kumar | 534/700 | 2nd |
| | 3 | 191161103097 | Nikita | Ramsharan Sharma | 533/700 | 3rd |
| M.sc 4th sem | 1 | 191161103039 | Shiwani | Suresh Kumar | 1968/2650 | 1st |
| | 2 | 221160603006 | Sangeeta | Babulal | 1936/2650 | 2nd |
| | 3 | 221160603007 | Rachna Kumari | Brijmohan | 1921/2650 | 3rd |

**University Topper**

| Class | Sr.No. | Name | Father's Name | SGPA | Position |
|---|---|---|---|---|---|
| M.sc 1st sem | 1 | Manisha Yadav | Manoj Kumar | 8.21 | 5th |
| M.sc 3rd sem | 2 | Sangeeta | Babulal | 8.37 | 8th |
| M.Sc 4th sem | 1 | Manshu | Yogesh Kumar | 8.58 | 7th |

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24**

**M.A English**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 231160101007 | Tanishka | Naresh | 462/700 | 1st |
| | 2 | 231160101028 | Priyanka Saini | Babulal | 457/700 | 2nd |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 231160101027 | Neha | Rajesh | 448/700 | 3rd |
| M.A 2nd sem | 1 | 231160101007 | Tanishka | Naresh | 344/550 | 1st |
| | 2 | 231160101028 | Priyanka Saini | Babulal | 332/550 | 2nd |
| | 3 | 231160101037 | Aditi Kanwar | Vikram Singh | 327/550 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 192261101001 | Aarti | Desh Raj | 421/650 | 1st |
| | 2 | 181161103052 | Anjali | Lal Chand | 420/650 | 2nd |
| | 3 | 192231101026 | Sarita | Roshan Lal | 398/650 | 3rd |
| M.A 4th sem | 1 | 192261101001 | Aarti | Desh Raj | 1553/2450 | 1st |
| | 2 | 192231101026 | Sarita | Roshan Lal | 1486/2450 | 2nd |
| | 3 | 181161103052 | Anjali | Lal Chand | 1461/2450 | 3rd |

## University Toppers

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 231160101007 | Tanishka | Naresh | 7.79 | 2nd |
| | 2 | 231160101009 | Rishika | Kailash Chand | 7.64 | 5th |
| | 3 | 231160101003 | Sapna | Santosh Kumar | 7.61 | 6th |
| | 4 | 231160101037 | Aditi Kanwar | Vikram Singh | 7.61 | 7th |
| | 5 | 231160101028 | Priyanka Saini | Babulal | 7.42 | 10th |
| M.A 3rd sem | 1 | 192261101001 | Aarti | Deshraj | 7.63 | 5th |
| | 2 | 181161103052 | Anjali | Lalchand | 7.63 | 6th |
| | 3 | 191101101003 | Neha | Hawa Singh | 7.3 | 10th |
| M.A 4th sem | 1 | 192261101001 | Aarti | Deshraj | 7.59 | 4th |

## Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24
## M.A Political Science

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 231160303005 | Varsha | Azad Singh | 491/650 | 1st |
| | 2 | 201161101486 | Preity | Kirorimal | 471/650 | 2nd |
| | 3 | 231160303002 | Tamanna Sharma | Rajesh Kumar | 469/650 | 3rd |
| M.A 2nd Sem | 1 | 201161101486 | Preity | Kirorimal | 508/700 | 1st |
| | 2 | 231160303005 | Varsha | Azad Singh | 505/700 | 2nd |
| | 3 | 201161101057 | Annu Yadav | Rajender Singh | 488/700 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 171141101288 | Suman Kumari | Somvir | 451/650 | 1st |
| | 2 | 181181101326 | Nisha Kumari | Sanjay | 440/650 | 2nd |
| | 3 | 221160303006 | Jyoti | Dharmvir | 434/650 | 3rd |
| M.A 4th sem | 1 | 191161101003 | Ankita | Gugan Ram | 1624/2450 | 1st |
| | 2 | 181181101326 | Nisha Kumari | Sanjay | 1613/2450 | 2nd |
| | 3 | 191141101304 | Mamta | Suresh Kumar | 1598/2450 | 3rd |

## University Toppers
## M.A Political Science

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 231160303005 | Varsha | Azad Singh | 8.26 | 5th |
| | 2 | 201161101486 | Preity | Kirorimal | 7.97 | 2nd |
| | 3 | 231160303003 | Antim | Satyapal | 7.77 | 4th |
| | 4 | 202431101022 | Rekha Kumari | Ghasi Ram | 7.68 | 5th |
| | 5 | 231160303002 | Tamanna Sharma | Rajesh Kumar | 7.65 | 7th |
| | 6 | 202231101095 | Nikita | Ramniwas | 7.65 | 8th |
| | 7 | 231160303006 | Nikita | Manoj Kumar | 7.48 | 10th |
| M.A 2nd sem | 1 | 201161101486 | Preity | Kirorimal | 8.16 | 2nd |
| | 2 | 231160303005 | Varsha | Azad Singh | 7.74 | 5th |
| | 3 | 201161101057 | Annu Yadav | Rajender Singh | 7.45 | 10th |
| M.A 4th sem | 1 | 191161101003 | Ankita | Gugan Ram | 7.64 | 10th |

## Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24
## M.A Hindi

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st Sem | 1 | 201161101031 | Kancha | Prithvi Singh | 485/700 | 1st |
| | 2 | 191161101020 | Kirti Yadav | Naresh Kumar | 472/700 | 2nd |
| | 3 | 231160103006 | Sarita | Rajkumar | 466/700 | 3rd |
| M.A 2nd sem | 1 | 201161101031 | Kancha | Prithvi Singh | 455/650 | 1st |
| | 2 | 231160103007 | Meenu Swami | Narendra Swami | 454/650 | 2nd |
| | 3 | 181161101062 | Veenu | Devender Kumar | 453/650 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 191161101087 | Poonam | Jagdev | 463/650 | 1st |
| | 2 | 221160103004 | Hema Devi | Birender | 451/650 | 2nd |
| | 3 | 171161101765 | Ranjana | Megh Raj Sharma | 442/650 | 3rd |
| M.A 4th sem | 1 | 191161101173 | Manisha | Balkishan | 1809/2650 | 1st |
| | 2 | 191161101087 | Poonam | Jagdev | 1807/2650 | 2nd |
| | 3 | 191161101064 | Pooja | Rajender Singh | 1800/2650 | 3rd |

## University Toppers
## M.A Hindi

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 201161101031 | Kancha | Prithvi Singh | 7.39 | 2nd |
| | 2 | 191161101020 | Kirti Yadav | Naresh Kumar | 7.36 | 4th |
| | 3 | 231160103007 | Meenu Swami | Narendra Swami | 7.29 | 7th |
| | 4 | 231160103006 | Sarita | Rajkumar | 7.14 | 10th |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 2nd sem | 1 | 201161101031 | Kancha | Prithvi Singh | 7.54 | 3rd |
| | 2 | 231160103007 | Meenu Swami | Narendra Swami | 7.54 | 4th |
| | 3 | 181161101062 | Veenu | Devender Kumar | 7.38 | 8th |
| | 4 | 231160103006 | Sarita | Rajkumar | 7.38 | 10th |
| M.A 3rd sem | 1 | 191161101087 | Poonam | Jagdev | 7.72 | 7th |
| | 2 | 221160103004 | Hema Devi | Birender | 7.6 | 10th |
| M.A 4th sem | 1 | 191161101173 | Manisha | Balkishan | 7.69 | 5th |
| | 2 | 171161101354 | Sushma Saini | Krishan Kumar | 7.65 | 7th |
| | 3 | 171161101765 | Ranjana | Megraj Sharma | 7.54 | 9th |

## Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24
## M.Sc GEOGRAPHY

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Sc 1st SEM | 1 | 201161101039 | Priyanka | Pradeep Kumar | 552/750 | 1st |
| | 2 | 181141101183 | Anju | Krishan Pal | 531/750 | 2nd |
| | 3 | 201161101002 | Anjali | Sushil Kumar | 506/750 | 3rd |
| M.Sc 2nd SEM | 1 | 181141101183 | Anju | Krishan Pal | 560/700 | 1st |
| | 2 | 201161101039 | Priyanka | Pradeep Kumar | 528/700 | 2nd |
| | 3 | 201161101155 | Mamta | Manoj Kumar | 518/700 | 3rd |
| M.Sc 3rd SEM | 1 | 171161101581 | Sakshi Vashisth | Pradeep Vshisth | 609/750 | 1st |
| | 2 | 191161101583 | Sushma | Mahesh Kumar | 592/750 | 2nd |
| | 3 | 221160901007 | Ravina Yadav | Vijaypal Singh | 588/750 | 3rd |
| M.Sc 4th SEM | 1 | 171161101581 | Sakshi Vashisth | Pradeep Vshisth | 2240/2850 | 1st |
| | 2 | 192411101056 | Swati Nimohoriya | Omprakash | 2184/2850 | 2nd |
| | 3 | 191161101200 | Saharika | Ishwar Singh | 2167/2850 | 3rd |

## University Toppers

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Sc 1ST SEM | 1 | 201161101039 | Priyanka | Pradeep Kumar | 8.32 | 6th |
| M.Sc 2nd SEM | 1 | 181141101183 | Anju | Krishan Pal | 8.88 | 2nd |
| | 2 | 201161101155 | Mamta | Manoj Kumar | 8.5 | 7th |
| M.Sc 3rd SEM | 1 | 171161101581 | Sakshi Vashisth | Pradeep Vshisth | 8.82 | 4th |
| | 2 | 221160901007 | Ravina Yadav | Vijaypal Singh | 8.58 | 8th |
| M.Sc 4th SEM | 1 | 171161101581 | Sakshi Vashisth | Pradeep Vshisth | 9.03 | 4th |
| | 2 | 191161101583 | Sushma | Mahesh Kumar | 8.8 | 5th |
| | 3 | 191161101200 | Saharika | Ishwar Singh | 8.77 | 7th |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 192411101056 | Swati Nimohoriya | Omprakash | 8.67 | 9th |

## Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2023-24

## M.Com.

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Com. 1st sem | 1 | 201161102002 | Gyatri | Ramesh Chand | 553/700 | 1st |
| | 2 | 181161102124 | Riya Ahuja | Mahesh Ahuja | 550/700 | 2nd |
| | 3 | 201161102045 | Riya Soni | Hoshiyar Soni | 539/700 | 3rd |
| M.Com. 2nd sem | 1 | 201161102045 | Riya Soni | Hoshiyar Soni | 585/750 | 1st |
| | 2 | 192261102014 | Priya Yadav | Rakesh Kumar | 569/750 | 2nd |
| | 3 | 201161102002 | Gayatri | Ramesh | 566/750 | 3rd |
| M.Com. 3rd sem | 1 | 191161102051 | Yogita Anreja | Sudhir Anreja | 544/750 | 1st |
| | 2 | 192261102003 | Dimple | Dharmender | 528/750 | 2nd |
| | 3 | 191161102019 | Afreen Sabri | Khalilulla Sabri | 523/750 | 3rd |
| M.Com. 4th sem | 1 | 191161102051 | Yogita Anreja | Sudhir Anreja | 2229/2950 | 1st |
| | 2 | 191161102019 | Afreen Sabri | Khalilulla Sabri | 2166/2950 | 2nd |
| | 3 | 192261102007 | Nisha Yadav | Mahender Singh | 2144/2950 | 3rd |

## University Toppers

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Com. 1ST SEM | 1 | 201161102002 | Gayatri | Ramesh Chand | 8.52 | 8th |
| M.Com. 2nd SEM | 1 | 192261102014 | Priya Yadav | Rakesh Kumar | 8.33 | 10th |

*महाविद्यालय के उत्तम परिणामों का श्रेय प्राध्यापक वर्ग की योग्यता, कर्त्तव्यनिष्ठा व छात्राओं के परिश्रम को जाता है। सभी प्राध्यापक एवं छात्राएं बधाई की पात्र हैं।*

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

- डॉ आर० पी० सिंह, प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग, को 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 व हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में सराहनीय कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया |
- डॉ आर० पी० सिंह, प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग, को 26 जनवरी 2025 को जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया |
- डॉ आर० पी० सिंह, प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग, को 14 नवम्बर 2024 को बाल भवन नारनौल द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया |

- डॉ आर० पी० सिंह, प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग द्वारा निम्नलिखित पुस्तकों का प्रकाशन करवाया गया :-
  1. Enterpreneurship Personality Development & Soft Skills.
  2. Personality Development Motivation & Leadership.
  3. Personal Development and Soft Skill.
  4. Soft Skill for Interpersonal Communication.
  5. Soft Skill and Team Building.
- श्रीमती सुमन यादव अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** राजनीति विज्ञान विभाग को इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया |
- राजकीय महिला महाविद्यालय में 21-27 जनवरी 2025 तक इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया | इस आयोजन के लिए महाविद्यालय द्वारा श्रीमती सुमन यादव, राजनीति विज्ञान विभाग को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया |
- श्रीमती सुमन यादव अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** द्वारा एक शोध पत्र " 2047 का विकसित भारत "चुनोतियां एवं संभावनाए " विषय पर अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ | जिसका ISSN नं०- 3048-846X है |
- श्रीमती सुमन यादव अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** राजनीति विज्ञान विभाग ने दिनांक 20-21 दिसम्बर 2024 को नारी सशक्तिकरण विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लिया और नारी सशक्तिकरण की सच्चाई पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया |
- श्रीमती सुमन यादव अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** राजनीति विज्ञान विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस जो 04-05 जनवरी 2025 को RUWA जयपुर द्वारा आयोजित की गई थी उसमे " महिलाएं कल आज और कल " विषय पर एक शोध पत्र पढ़ा |
- श्रीमती सुमन यादव अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** राजनीति विज्ञान विभाग का आल इंडिया सिविल सर्विस खेल प्रतियोगिता हेतु हरियाणा की टेबल टेनिस टीम में चयन हुया |
- डॉ ममता सिद्धार्थ एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने 10 दिवसीय एनुअल ट्रेनिंग कैंप में हिस्सेदारी की जो कि सिंघानी (भिवानी) में आयोजित किया | NCC में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु इनको 16 HAR BN नारनौल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया |
- डॉ ममता सिद्धार्थ,एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल के इको क्लब में पर्यावरण प्रदूषण पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया |

- डॉ ममता सिद्धार्थ, एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग को राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल ने एक विस्तार व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया |
- डॉ ममता सिद्धार्थ, एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने एक पुस्तक का संशोधित संस्करण "पर्यावरण भूगोल" ज्योति प्रकाशन जयपुर द्वारा प्रकाशित करवाया |
- डॉ ममता सिद्धार्थ एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने IGNOU से Post Graduation Diploma in Disaster Managment पूर्ण किया |
- डॉ प्रियंका कुमारी अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'Basics of Psychology' Edited book publish की गई | (Oct. 2024)
- डॉ प्रियंका कुमारी अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** मनोविज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय रायपुर रानी, पंचकुला में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में हिस्सा लिया तथा " A study of Prevalence & pattern of Psychiatric illness in old age home population" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- डॉ मनमीत कौर अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** वाणिज्य विभाग ने गवर्मेंट कालेज खरखडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हिस्सा लिया और " Global Horizons, Advancing NEP 2020, International Higher Studies Enterprenership and Mental Resilience" विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया |
- डॉ मनमीत कौर अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** वाणिज्य विभाग ने 20.11.2024 से 03.12.2024 तक आयोजित रिफ्रेसर कोर्स कुरुक्षेत्रा विश्वविद्यालय में हिस्सा लिया |
- श्री चिरंजीव तायल अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** रसायन विज्ञान विभाग ने " NEP 2020 orientation & Sensitization Programme" में 14 अक्तूबर 2024 से 23 अक्तूबर 2024 तक भाग लिया |
- श्री पवन कुमार अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** भोतिकी विज्ञान विभाग ने " NEP 2020 orientation & Sensitization Programme" में 14 अक्तूबर 2024 से 23 अक्तूबर 2024 तक भाग लिया |
- श्री पवन कुमार अस्सिस्टेंट **प्रोफेसर** भोतिकी विज्ञान विभाग ने एक शोध पत्र (Investigations of Production Cross-Sections and Induced Activity of Tc94 Produced in Mo Target by 30 MeV Proton Beam, in Indian Journal of Pure and Applied Physics, Dec. 2024) प्रकाशित किया |

- श्री पवन कुमार अस्सिस्टेंट प्रोफेसर भोतिकी विज्ञान विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नारनौल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में एक पेपर 15 फरवरी 2025 को प्रस्तुत किया |
- डॉ ओमप्रकाश अस्सिस्टेंट प्रोफेसर संगीत गायन विभाग ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पी०एचडी० की डिग्री सफलता पूवर्क प्राप्त की |
- डॉ ममता शर्मा अस्सिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग ने राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से 10 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक एक शोर्ट टर्म कोर्स किया |
- डॉ ममता शर्मा अस्सिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग को गीता महोत्सव 09 से 11 दिसंबर 2024 पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया |
- डॉ ममता शर्मा अस्सिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग को 26 जनवरी 2025 के उपलक्ष में उपखंड अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया |
- डॉ ममता शर्मा अस्सिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग को 14 नवम्बर 2024 को बाल भवन नारनौल द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया |
- डॉ नीलम Ext. लेक्चरर अंग्रेजी विभाग ने “ Soft Skill and Team Building” नामक पुस्तक का लेखन कार्य किया तथा बुक एन्क्लेव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित करवाई |
- डॉ वन्दना कुमारी Ext. लेक्चरर मनोविज्ञान विभाग ने 24-25 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी करनाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हिस्सा लिया तथा “Psychological impact of Bhagaved Gita on overcoming negative emotions” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- श्रीमती पूजा बत्रा Ext. लेक्चरर वाणिज्य विभाग ने शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय करनाल में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में 24-25 फरवरी 2025 में हिस्सा लिया तथा “ Scientific Perspectives of Srimad Bhagwad Geeta and Music” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया |
- श्रीमती सुनीता Ext. लेक्चरर भूगोल विभाग ने दिनांक 13-14 जनवरी 2025 को सेठ नन्द किशोर पटवारी राजकीय महिला महाविद्यालय नीम का थाना में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लिया तथा “ The Socio Economic History of Haryana” विषय पर शोध पत्र पढ़ा |
- श्रीमती सुनीता Ext. लेक्चरर भूगोल विभाग ने दिनांक 06-07 दिसंबर 2024 को एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में “Access to Education and its Role in Empowering Women in Haryana” विषय पर शोध पत्र पढ़ा |

- डॉ गीता यादव Ext. लेक्चरर राजनीति विज्ञान विभाग युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जन सेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा व रेड क्रास सोसाइटी नारनौल में सक्रिय भागीदारी निभाती है | उन्होंने अनेको ब्लड कैंप, मेडिकल कैंप, वृक्षा रोपण कैंप, निर्धन कन्यायो की शादी में सहयोग किया है | इनके जन्मोत्सव पर रेडक्रास सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करके 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया | सराहनीय सामाजिक कार्य करने पर डॉ गीता को रेडक्रास सोसाइटी, सिविल सर्जन द्वारा गीता-महोत्सव पर सम्मानित किया गया |
- डॉ गीता यादव Ext. लेक्चरर राजनीति विज्ञान विभाग को SDM नांगल चौधरी ने सराहनीय कार्य करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया |
- श्री संदीप कुमार Ext. लेक्चरर भोतिकी विज्ञान विभाग ने मार्च 2024 में GATE की परीक्षा पास की |
- डॉ पूनम Ext. लेक्चरर राजनीति विज्ञान विभाग ने KLP कालेज रेवाड़ी में दिनांक 06-07 मार्च 2025 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हिस्सा लिया तथा " डिजिटल युग और पुलिस" विषय पर पत्र वाचन किया |
- श्रीमती श्वेता Ext. लेक्चरर भूगोल विभाग ने दिनांक 06-07 दिसंबर 2024 को एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "Women Empowerment and Gender Equality In India" विषय पर शोध पत्र पढ़ा |

## *महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ*

महिलाओं एवं छात्राओं के कल्याण एवं हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ कार्यरत है। डॉ ममता शर्मा के मार्गदर्शन में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गये और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 17अगस्त 2024 को महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा रक्षा बंधन के पर्व का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24.08.2024 को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया |
- दिनांक 26.08.2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में महिला बाल-पोषण एवं बाल-विकास का कार्यक्रम आयोजन किया गया |
- दिनांक 07.01.2025 को भारतीय संस्कृति एवं परम्परायों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
- दिनांक 08.01.2025 को राष्ट्रीय मतदान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया |

- दिनांक 13.01.2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय में लोहड़ी का पर्व मनाया गया |
- दिनांक 15.01.2025 से 31.01.2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय में योग, पार्लर, कढाई, एवं बुनाई का कैंप आयोजित किया गया |
-

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में समाज सेवा एवं श्रम की महत्ता के प्रतिपादन हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन ईकाइयां कार्यरत हैं। डॉ साधना यादव, डॉ ममता शर्मा व श्रीमती सुमन यादव तीनों यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी हैं। इस वर्ष NSS की तीनों इकाइयों में कुल 300 स्वयंसेविकाएं पंजीकृत हैं ।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की गतिविधियां निम्न प्रकार से हैं :

1. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश सत्र के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना हेल्प डेस्क की स्थापना की गई |
2. राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर 01 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया।
3. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 18 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय डी-वार्मिंग मनाया गया |
4. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा "नशा मुक्त भारत" अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत सभी स्वंय सेविकाओं व कार्यक्रम अधिकारियो द्वारा शपथ ली गई |
5. राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'कृमी मुक्त भारत' अभियान दिनांक 24 सितम्बर 2024 को चलाया गया |
6. पोषण माह का आयोजन सितम्बर 2024 में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया |
7. सितम्बर – अक्तूबर 2024 के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा व गाँधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया |
8. दिनांक 16सितम्बर 2024 को ओजोन दिवस मनाया गया तथा एक तिरंगा रैली का आयोजन " हर घर तिरंगा अभियान " के अंतर्गत किया गया |
9. अक्तूबर 2024 महीने को साइबर सतर्कता माह के रूप में मनाया गया |
10. NIC शिविर इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाडी में आयोजित किया गया जिसमे महाविद्यालय की दो छात्राओं निशा व आरती ने हिस्सा

लिया | इसी प्रकार CRSU जींद द्वारा भी एक NIC कैंप 12 से 18 नवम्बर 2024 तक आयोजित किया गया जिसमे 2 स्वयंसेविकाओं दिव्या व मीना ने हिस्सेदारी की |

11. महाविद्यालय की तीनो इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर 15 नवम्बर 2024 को आयोजित किया गया |
12. बहुत ही हर्ष का विषय है कि सत्र 2024- 2025 का विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर पहली बार राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में 21से 27 जनवरी 2025 के दौरान आयोजित किया गया | ये पहला अवसर था कि यह शिविर हरियाणा के किसी महाविद्यालय ने आयोजित किया हो | शिविर में 200 विद्यार्थी (100 छात्र व 100 छात्राएं) विभिन्न 34 महाविद्यालयों से उपस्थित थे |
13. महाविद्यालय की तीनो इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर 23 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया |
14. महाविद्यालय की तीनो इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर दिनांक 27 फरवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक गाँव पटीकरा में आयोजित किया गया |
15. महाविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि श्रीमती सुमन यादव को सत्र 2024-2025 हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ महिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया |

## *वाणिज्य विभाग*

*इस महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में बी0कॉम व एम0कॉम की कक्षाएं संचालित है |*

- *विभाग द्वारा दो दिवसीय वित्त जागरूकता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन 10 व 11 फरवरी 2025 को छात्राओं के लिए किया गया |*
- *विभाग द्वारा छात्राओं के समग्र विकास हेतु दिनांक 15.02.2025 को उधमित्ता मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।*
- *वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सूरजकुंड मेले का आयोजन दिनांक 20 फरवरी 2025 को किया | वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक व छात्राएं बधाई के पात्र है।*

## खेल–कूद

महाविद्यालय की 36वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 08 व 09 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चन्द्र खेल मैदान नारनौल में आयोजित की गई जिसका शुभारम्भ श्री रमित यादव, एस0डी0एम0 नारनौल द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने खेल भावना का परिचय देते हुए सभी स्पर्धाओं में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस खेल–कूद प्रतियोगिता में बीए0तृतीय वर्ष की छात्रा रेणु को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के पुरस्कार से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री ज्ञानचंद राणा, रिटायर्ड प्रिंसिपल रहे । ये खेलकूद प्रतियोगिताएं महाविद्यालय की खेलकूद प्रभारी श्रीमती सुमन यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई । इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

- *19-20 सितम्बर 2024 को अंतर्*महाविद्यालय *कबड्डी प्रतियोगिता GCW सेक्टर 18 रेवाड़ी में हुआ |* महाविद्यालय *की टीम ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा छात्रा रेणु का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ |*
- *24 सितम्बर 2024 को स्वरांजलि कालेज आफ एजुकेशन रेवाड़ी में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में टीम ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया |*
- *31 सितम्बर से 01 अक्तूबर 2024 को RPSDC बलाना महेंद्रगढ़ में अंतर्*महाविद्यालय *फुटबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया , और प्रतियोगिता में मात्र एक टीम पहुँचने पर आयोजको द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उत्साह वर्धन किया ।*
- *09 अक्तूबर 2024 को हैंडबाल टीम ने अंर्त* महाविद्यालय *प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 5 छात्रायों का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ | यह प्रतियोगिता राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी में आयोजित की गई ।*
- *15-16 अक्तूबर 2024 को IGU मीरपुर रेवाड़ी में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे* महाविद्यालय *कि दो छात्रायो का चयन विश्वविद्यालय की टीम में हुआ ।*
- *18-19 अक्तूबर 2024 को वालीवाल टीम ने अंर्त* महाविद्यालय *प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, इस प्रतियोगिता में विभन्न* महाविद्यालयो *की 20 टीमो ने हिस्सा लिया |* महाविद्यालय *को इसमें कांस्य पदक प्राप्त हुआ । उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार*

पर 2 छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ । यह प्रतियोगिता RPSDC बलाना में आयोजित की गई ।

- 25 अक्तूबर 2024 को राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कालेज से 16 छात्राओं की भागीदारी रही जिसमे 800 मीटर रेस में रीना , तनुजा व जागृति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया | 100 मीटर रेस में जागृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 1500 मीटर रेस में रीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व 400 मीटर रेस में मोनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 05 नवम्बर 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में तीरंदाजी प्रतियोगिता में कालेज से 04 छात्रायों की भागीदारी रही जिसमे चारो छात्राओं का बहुत ही दमदार प्रदर्शन रहा । दिव्या में प्रथम, भावना ने द्वितीय , गीता ने तृतीय व दिव्या ने चौथा स्थान प्राप्त किया । चारो छात्राओं का विश्वविद्यालय टीम में चयन हुआ ।
- 30 जनवरी 2025 को छात्रा दिव्या ने देहरादून में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।

## मार्गनिर्देशन व स्थापना प्रकोष्ठ

प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को सरकारी व गैर–सरकारी क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में रोजगार प्राप्त करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जाती है ।

1. प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 20.11.2024 को How to Crack UPSC and other Competitive Examination से सबंधित एक सेमिनार का आयोजन किया गया | इसके मुख्य वक्ता श्री अजीत यादव ( भा०प्र०से०) थे | विधार्थियो ने विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की |
2. महाविद्यालय में ICICI Bank के द्वारा एक Selection Drive 02 व 03 मार्च 2025 को करवाई जिसमें 05 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ मनमीत कौर व डॉ सुनील कुमार है।

## पुस्तकालय

नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में महाविद्यालय का पुस्तकालय स्थित है। छात्राओं की विशेष सुविधा के लिए पुस्तकालय में 11 समाचार पत्र एवं वाचनालय आदि का उचित प्रबन्ध है। पुस्तकालय में 23146 पुस्तकें हैं। इन सभी पुस्तकों का आटोमेशन हो चुका है | पुस्तकालय SOUL 3.0 द्वारा स्वचालित है | पुस्तकालय पूरी तरह से वातानुकूलित है | छात्राओंके ज्ञानवर्धन के लिए एक टी.वी. व एक सी.डी. प्लेयर की व्यवस्था है | श्री हरीकिशन, कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष, श्रीमती संगीता रेस्टोरर, संदीप कुमार व श्रीमती अल्पना लाइब्रेरी सहायक पुस्तकालय के कार्य को सुचारु रूप से कर रहे हैं।

## वित्तीय प्रबन्धन

महाविद्यालय का वित्तीय प्रबन्धन काफी सुदृढ़ है। लगभग सभी स्थानीय निधियों में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है जिसे महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थी कल्याण के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है। डॉ पारुल गुप्ता, बर्सर के रूप में अपना कार्य सुचारु रूप से कर रही हैं।

| Sr. No. | Name of the Scheme | No. of Students | Amount received | Amount disbursed | Amount Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Consolidated Stipend Scheme for the welfare of Scheduled Caste students studying in Govt. colleges | 669 | 9366000 | 9366000 | NIL |
| 2. | National Scholarship Portal | 20 | 240000 | 240000 | NIL |
| 3. | Post Matric Scholarship for BC | 576 | 4608000 | 4608000 | NIL |

## राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)

राष्ट्रीय उच्चत्तर शिक्षा अभियान (RUSA) के तहत वर्ष 2024-25 मे 186160 रुपये की धनराशि महाविद्यालय के विभिन्न कल्याण कार्यों हेतु खर्च की गयी। जिसमे मुख्यत: 176000 रुपये की लागत से केमिस्ट्री लैब से अटैच एक एडवांस केमिकल स्टोर का निर्माण किया गया तथा 10160 रुपये की लागत से वर्षा जल संचयन को अपग्रेड किया गया। RUSA के नोडल अधिकारी श्री सुनील कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास विभाग है |

## क्षेत्रीय युवा समारोह

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाडी का क्षेत्रीय युवा समारोह दिनांक 14 से 16 नवम्बर 2024 तक आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियां इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| 1. कविता पाठ उर्दू | प्रथम स्थान |
| 2. शास्त्रीय संगीत वादन (सितार) | प्रथम स्थान |
| 3. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | तृतीय स्थान |
| 4. कव्वाली | तृतीय स्थान |
| 5. नृत्य सामान्य | तृतीय स्थान |
| 6. समूहगान हिन्दी | प्रथम स्थान |
| 7. आन दा स्पॉट पेंटिंग | द्वितीय स्थान |

महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 35 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमे से 07 प्रतियोगिताओं में हमारी छात्राओं ने पुरस्कार जीते। उपरोक्त उपलब्धियों के लिये महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रभारी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं । सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक श्रीमती शर्मीला यादव, श्री ओम प्रकाश, डॉ नीलम, डॉ मनीषा, डॉ मनदीप, डॉ ललिता, डॉ ज्योति, श्री बलवान, श्री रमेश, मीना, विकास का विशेष योगदान रहा ।

## विषय परिषद्

छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय में विषय परिषद् बनी हुई हैं, जो अन्तः कक्षा तथा अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धाओं को प्रोत्साहित करती हैं। इस वर्ष महाविद्यालय की विषय परिषदों की उपलब्धियां निम्नलिखित रही है –

### मनोविज्ञान परिषद्

- महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 10 सितम्बर 2024 को विश्व आत्म हत्या निवारण दिवस मनाया गया | इसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम नागरिक अस्तपताल नारनौल द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया | जिला प्रशासन की काउंसलिंग सेल द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया |
- 10 अक्तूबर 2024 को विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया | इसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |

## *राजनीति विज्ञान विभाग परिषद्*

महाविद्यालय *में राजनीति विज्ञान विभाग स्नातक व स्नातकोतर कक्षाओं में पढाया जा रहा है |*

- *विभाग के द्वारा दिनांक 30 सितंबर 2024 को एक निबंध व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसका विषय " वोट का महत्व" था | स्लोगन प्रतियोगिता में अंतिम को प्रथम स्थान मिला जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवानी ने सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया |*
- *विभाग द्वारा " संविधान और प्रस्तावना" विषय पर एक भाषण, पोस्टर, स्लोगन व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर 2024 को किया गया | जिसमे विभाग के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया |*
- *एम०ए० अंतिम वर्ष की छात्रा निकिता ने UGC नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर* महाविद्यालय *का नाम रोशन किया |*

## *अर्थशास्त्र परिषद्*

*महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका श्रीमती सीता यादव के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित इन्टर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया।*

*– महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 24.08.2024 को इन्टर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की 06 टीमों ने भाग लिया।*

## *वनस्पति विभाग / YRC / RRC*

- राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में YRC, RRC व वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 20 अगस्त 2024 को 'मलेरिया दिवस 'मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया भावना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व सन्ध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद मलेरिया के प्रति छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।
- दिनांक 13-09-2024 को अंतर्राष्ट्रीय ओज़ोन दिवस के उपलक्ष्य में RRC ,YRC व वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉक्टर ममता सिद्धार्थ ने ओज़ोन कण के बनने की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से छात्राओं को समझाया व यह भी बताया कि किस प्रकार से विभिन्न हानिकारक तत्व ओज़ोन परत का क्षय करते हैं।

- 11 फ़रवरी 2025 को इन्टर डिस्ट्रिक्ट साइंस एक्जीबिशन का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय रेवाड़ी में किया गया इस साइंस एक्जीबिशन में वनस्पति विभाग से दो छात्राओं भावना व संध्या ने भाग लिया। इन छात्राओं ने 'एडवांस एग्रोटेक इन एग्रीकल्चर' विषय पर मॉडल बनाया |
- 24 मार्च 2025 को YRC, RRC व वनस्पति विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे विश्व TB दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वीटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुरभि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। TB के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं ने रैली निकाली।

## पर्यावरण क्लब

- राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल में नवंबर माह में ईको क्लब द्वारा विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों जैसे पर्यावरण प्रदूषण, बढ़ते हुए ग्रीन हाउस गैस व ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर रैली के माध्यम से जागरूकता फैलायी। छात्राओं ने cleanliness ड्राइव के अंतर्गत कैंपस को प्लास्टिक फ़्री किया व लोगों से कचरे को जलाने की अपेक्षा उचित डस्टबिन में डालने का आग्रह किया।

**पर्यावरण क्लब की जनवरी माह की गतिविधियां डॉक्टर सुनीता जाखड की देख रेख में सम्पन्न** हुई :-

- दिनांक 17-01-2025 को ईको क्लब द्वारा सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस सफ़ाई अभियान के दौरान छात्राओं ने Bio degradable व Non bio degradable वेस्ट के अंतर को समझा।
- दिनांक 18-01-2025 को ईको क्लब द्वारा पर्यावरण विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस व्याख्यान के माध्यम से डॉक्टर यशपाल ने छात्राओं को पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। फैकल्टी रिप्रजेंटेटिव डॉक्टर सुनीता जाखड़ की अगुवाई में छात्राओं ने पौधा रोपण किया।
- दिनांक 23 जनवरी 2025 को कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आर पी सिंह की अध्यक्षता में छात्राओं ने नीम, तुलसी, सदाबहार, कनेर आदि पौधे कैंपस में लगाए और इन पौधों की देखरेख करने की शपथ ली ।
- दिनांक 19 जनवरी 2025 को पर्यावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं ने रैली निकाली ।

- दिनांक 31-01-2025 को ईको क्लब के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता का विषय था ग्लोबल वार्मिंग इस प्रतियोगिता में आशू ने प्रथम स्थान , नंदिनी ने द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**पर्यावरण क्लब की फ़रवरी माह की गतिविधियां डॉक्टर शुभलता की देख रेख में सम्पन्न हुई**

- 3 फ़रवरी 2025 को डॉक्टर शुभलता ने कचरा प्रबंधन पर छात्राओं को जागरूक किया व कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आर पी सिंह ने छात्राओं से कैंपस को साफ़ रखने की अपील की। डॉक्टर यशपाल ने छात्राओं से कचरा प्रबंधन में तीन RRR (रिप्रोड्यूस, रीयूज व रिसाइकिल) का प्रयोग करने की अपील की।
- दिनांक 07 -02-2025 को ईको क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय ,व छात्रा कोमल व खुशबू संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।
- दिनांक 08-02-2025 को पर्यावरण विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया | मुख्य वक्ता डॉक्टर ममता सिद्धार्थ ने 'गो ग्रीन - ब्रीद क्लीन' विषय पर छात्राओं को जागरूक किया। 14 फ़रवरी 2025 को ईको क्लब के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ज्योति ने प्रथम, पायल ने द्वितीय व कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं ने रैली निकाली ।

**ईको क्लब द्वारा मार्च महीने की गतिविधियां ईको क्लब** फैकल्टी **रिप्रजेंटेटिव डॉक्टर श्वेता यादव के निर्देशन में करवाई गई :-**

- दिनांक 18-03-2025 को ईको क्लब द्वारा पर्यावरण के सत्तपोषणीय प्रबंधन पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रमुख रिसोर्स पर्सन डॉक्टर यशपाल ने छात्राओं को पर्यावरण की महत्ता बतायी।
- दिनांक 19 -03 -2025 को ईको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय व मोनिका रोहिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 25-03-2025 को ईको क्लब द्वारा पौधा रोपण व cleanliness ड्राइव का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के अंतर्गत छात्राओं ने तुलसी, करीपत्ता, गेंदे आदि पौधे महाविद्यालय प्रांगण में लगाए व महाविद्यालय प्रांगण को प्लास्टिक फ़्री किया

## सड़क सुरक्षा क्लब

सड़क पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं के मध्यनजर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है ताकि छात्राओं को सुरक्षित यात्रा के लिये जागरूक किया जा सके । इस क्लब के नोडल अधिकारी डा0 दलीप सिहं है। क्लब के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित की गई ।

1. 28.08.2024 को सड़क सुरक्षा पर क्विज प्रतियोगिता, रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. 29.08.2024 को सड़क सुरक्षा पर ट्रैफिक एस0एच0औ0 द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा व सांकेतिक चिन्हो के बारे में विस्तार से बताया गया।

## बस पास सुविधा

हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में छात्राओं हेतु नि:शुल्क बस पास सुविधा चलाई जा रही है। इसी के अन्तर्गत महाविद्यालय की 797 छात्राओं के नि:शुल्क बस पास बनवाए गएं है जिससे वे अपना अध्धयनकार्य सुचारू रुप से कर सके। इस योजना के संयोजक Ext. Lect. श्री नरेश कुमार हैं।

## EARN WHILE YOU LEARN

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में 1,53,100/- रू. की राशि प्राप्त हुई जिसमें से 138400 की राशि महाविद्यालय के विभागों में कार्यरत छात्राओं को वितरित कर दी गई। इस योजना की संयोजक प्रोफेसर डा0 ममता सिद्धार्थ हैं ।

## Defence Studies Department

- डॉ सोहन सिंह , असिसटेंट प्रोफेसर, राजकीय महिला महाविद्यालय, उगलान (हिसार) ने "Emerging Dimensions of Cyber Crimes" विषय पर विस्तार व्याख्यान 07.02.2025 को दिया।

## *राष्ट्रीय कैडेट कोर*

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की एक यूनिट कार्यरत है जिसमें 53 कैडेट पंजीकृत हैं। एन0सी0सी0 का काम डॉ ममता सिद्धार्थ केयरटेकर के रूप में बखूबी निभा रही है | महाविद्यालय की एन0सी0सी0 की गतिविधियां निम्न प्रकार हैं :–

- दिनांक 21.05.2024 से 01.06.2024 तक रूपनगर, प0 बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में सीनियर अन्डर आफिसर नंदिनी व अन्डर आफिसर चंचल ने हिस्सेदारी की तथा इन कैडेटस को सर्टिफिकेट व मैडल देकर पुरस्कृत किया |
- दिनांक 20.06.2024 से 29.06.2024 तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित थल सेना शिविर में कैडेट मोनिका यादव ने हिस्सा लिया |
- दिनांक 03.09.2024 से 14.09.2024 तक आयोजित फाउंडेशन कैंप में सीनियर अंडर आफिसर नंदिनी ने मलोट, पंजाब में हिस्सा लिया तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सर्टिफिकेट, मैडल प्रदान किया तथा इस कैडेट का एडवांस लीडरशीप कैंप में चयन हुआ |
- दिनांक 02.10.2024 से 11.10.2024 तक आयोजित ATC कैंप में 26 कैडेट्स ने हिस्सा लिया| महाविद्यालय NCC कैडेट्स का प्रदर्शन सराहनीय रहा | कैडेट तन्नु ड्रील में प्रथम, कैडेट नंदिनी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तथा एकल नृत्य में रेणु प्रथम स्थान पर रही | कैडेट नंदिनी को कैंप का बेस्ट कैडेट पुरस्कार भी दिया गया |
- दिनांक 14.10.2024 से 27.10.2024 एडवांस लीडरशीप कैंप का आयोजन मलोट, पंजाब में किया गया जिसमे सीनियर अंडर आफिसर नंदिनी ने हिस्सा लिया व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशंसा पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया |
- दिनांक 07.10.2024 से 16.10.2024 तक प्री आर डी कैंप ( राज्यस्तरीय) गढ़ी, हिसार में आयोजित किया जिसमे महाविद्यालय की दो कैडेट्स प्रीति व रेणु ने भाग लिया | बहुत ही हर्ष का विषय है कि दोनों कैडेट्स का चयन रि-पब्लिक डे (स्टेज -2 ) कैंप हेतु हुआ |
- दिनांक 18.11.2024 से 29.11.2024 तक आर्मी अटेचमेंट कैंप अम्बाला, हरियाणा में आयोजित किया गया जिसमे कैडेट तन्नु व अमिता ने महाविद्यालयका प्रतिनिधित्व किया तथा प्रमाण पत्र व मैडल जीते |
- दिनांक 13.04.2024 को NCC कैडेट्स द्वारा ड्रग जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमे NCC के सभी कैडेट्स ने हिस्सा लिया |
- दिनांक 05.06.2024 को विश्व-पर्यावरण दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमे कैडेट पूजा प्रथम, कैडेट मनीषा द्वितीय, व कैडेट अमीषा तृतीय स्थान पर रही |

- विश्व योग दिवस भी NCC कैडेट्स द्वारा 21 जून 2024 को मनाया गया जिसमे सभी कैडेट्स ने योगाभ्यास किया |
- दिनांक 12.07.2024 को पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए पेपर बेग डे मनाया गया | इस अवसर पर पेपर बेग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम स्थान सीनियर अंडर आफिसर नंदिनी, द्वितीय स्थान पर पूजा व तृतीय स्थान पर मनीषा रही |
- दिनांक 25.07.2024 को कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत पोस्टर मेकिंग, स्पीच, गायन व नृत्य का आयोजन किया गया |
- दिनांक 12.08.2024 को हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा रेली का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालयके सभी कैडेट्स ने भागीदारी की |

## *कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ*

*महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार व जिला विधिक सेवा प्रकोष्ठ के आदेशों की पालना करते हुए महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है । इस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं । इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डा0 मनमीत कौर हैं और वे अपना कार्य बड़ी कुशलता से कर रही हैं।*

- *महाविद्यालय में दिनांक 05.02.2025 को कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।*
- *महाविद्यालय में दिनांक 06.02.2025 को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता गिरीबाला ने छात्राओं को माहवारी, नारी स्वास्थ्य आदि विषयो पर जानकारी दी।*
- *महाविद्यालय में दिनांक 07.02.2025 को कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ द्वारा पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।*

## सूचना का अधिकार

महाविद्यालय में सरकार के ओदशों की पालना करते हुए आर0टी0आई0 सेल की स्थापना की हुई है । महाविद्यालय में डाक द्वारा या व्यक्तिगतरूप से आर0टी0 आई0 के तहत कोई सूचना मांगी जा सकती हैं । आज तक आर0टी0आई0 द्वारा मांगी गई कोई भी सूचना लम्बित नहीं हैं । इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ पारूल गुप्ता अपना कार्य सुचारू रूप से कर रही हैं ।

## हरियाणा विधानसभा का भ्रमण

राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की 50 छात्राए व 7 स्टाफ सदस्य दिनांक 27मार्च 2025 को हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में बजट सत्र देखने हेतु एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु गए | छात्राओं के लिए यह भ्रमण अत्यंत ही ज्ञानवर्धक व मनोरजक था | सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्रीमती आरती राव व नारनौल के माननीय विधायक श्री ओमप्रकाश यादव से मुलाक़ात की |

## आभार अभिव्यक्ति

*मैं अपनी ओर से तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आज के समारोह के मुख्य अतिथि महोदय औमप्रकाश यादव,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक एवं अर्ध–सैनिक कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार का हृदय से आभारी हूं जिन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार करते हुए अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाला तथा इस समारोह में उपस्थित होकर हमारा तथा महाविद्यालय का मान बढ़ाया। आज आपके आगमन से हमारी अतिथि परम्परा और अधिक समृद्ध हुई है। आपकी उपस्थिति हमारी छात्राओं के लिए निश्चित रूप से प्रेरणादायक रहेगी ।*

*इस अवसर पर मैं उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, आई0ए0एस0 तथा श्री राहुल हुड्डा आई.ए.एस., निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला, इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाडी के कुलपति प्रो0 जे0पी0 यादव, तथा अन्य अधिकारियों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं जिनका सहयोग सदा हमें मिलता रहा है। महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहने के लिए मैं महेन्द्रगढ़ की उपायुक्त डॉ विवेक भारती ,आई. ए..एस, अतिरिक्त उपायुक्त श्री आनंद कुमार शर्मा , आई0ए0एस0, पुलिस अधीक्षक महेन्द्रगढ़ श्रीमती पूजा वशिष्ठ, आई.पी.एस. व उपमण्डलाधीश श्री रमित यादव, एच. सी.एस, का भी कृतज्ञ हूं। मैं जिला जन स्वास्थ्य विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का भी आभारी हूं जिन्होने महाविद्यालय को समय पर अपना सहयोग दिया है। जिला के अन्य सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का भी मैं उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं धन्यवादी हूं आज के इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों का जिन्होंने यहां पधार कर*

इस समारोह की शोभा को बढ़ाया है। शहर के जागरूक व यथार्थवादी पत्रकार बन्धुओं का भी मैं आभारी हूं जो समय समय पर हमारी छात्राओं की उपलब्धियों को अपने समाचार पत्रों में स्थान देकर उनका उत्साहवर्धन करते हैं। सम्पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से काम करने वाले महाविद्यालय के समस्त सहयोगी प्राध्यापकों, विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी प्राध्यापकों, कर्तव्यनिष्ठ गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ साथ मैं छात्राओं के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिनके सहयोग के कारण ही महाविद्यालय का प्रशासनिक तथा शैक्षणिक कार्य भली–भांति चलता रहा है। पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी मैं विशेष रूप से बधाई देता हूं तथा महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए अपनी प्रिय छात्राओं की प्रशंसा करता हूं। अन्त में मैं प्रो0 श्री अजय थाकन व सुनील कुमार एल0 ए0 का विशेष धन्यवाद करना अपना नैतिक कर्तव्य समझता हूं जिनके अथक प्रयासों से इस प्रतिवेदन का आलेख तथा प्रकाशन समय पर सम्भव हो सका है।

इन्हीं भावनाओं के साथ मैं अपना प्रतिवेदन आप सबके स्नेह, सहयोग एवं मंगल कामनाओं सहित पूर्ण करता हूं ।

धन्यवाद ।

जयहिन्द ! जय भारत !

प्रो0 (डॉ) आर० पी० सिंह
प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय
नारनौल।

दिनांक 04 अप्रैल 2025.
नारनौल ।